क्रियायोग
हं ★ क्षं
परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

गुरु प्रकाश का स्वरूप है, गुरु (गु) अँधकार (रु) प्रकाश के बीच दूरी की शून्यता है। क्रियायोग ध्यान गुरू की उच्चतम् पूजा है।



गुरु पूर्णिमा महोत्सव

बुधवार, 13 जुलाई, 2022 । शाम 5 बजे से 8 बजे तक *(लाइव प्रसारण)*

5 दिवसीय विशिष्ट क्रियायोग कार्यक्रम
8 जुलाई से 12 जुलाई, 2022

दीक्षान्त समारोह
14 जुलाई से 17 जुलाई, 2022

दिव्य आत्मन्,

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अत्यंत हर्ष के साथ, क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान, प्रयागराज अपने आध्यात्मिक प्रागंण में आयोजित पंच दिवसीय विशिष्ट क्रियायोग कार्यक्रम, गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं क्रियायोग दीक्षा समारोह में आपका स्वागत करता है। इस कार्यक्रम के दौरान आप स्वयं गुरुदेव स्वामी श्री योगी सत्यम् जी के दिव्य मार्गदर्शन में क्रियायोग का अभ्यास करेंगे तथा साथ ही साथ क्रियायोग सिद्धान्त पर आधारित क्रियायोग आहार विज्ञान का भी अनुसरण करेंगे, जिससे आप अपने शरीर को आध्यात्मिक उन्नति के लिए तैयार कर सकें।

इस कार्यक्रम के दौरान आपको क्रियायोग की सभी प्रारम्भिक क्रियाओं से परिचय कराया जायेगा, जैसे भूमध्य–दर्शन, श्वास–दर्शन, सिर व रीढ़ में एकाग्रता, अन्तध्वनि श्रवण का अभ्यास व अति महत्वपूर्ण 1 से 42 तक की रिचार्जिंग क्रियाएँ एवं आपको क्रियायोग की उच्चतम् प्रविधि क्रियायोग दीक्षा के लिए तैयार किया जायेगा। इस कार्यक्रम के द्वारा आप क्रियायोग से समस्त समस्याओं से मुक्ति पाने के मूलमंत्र को समझ पायेंगे व दैनिक जीवन में इसका अभ्यास भी कर पायेगें।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नीचे दिये गये फार्म को भरें।

आवेदन फार्म

क्रियायोग दीक्षा समारोह – नये साधको के लिये सूचना

क्रियायोग दीक्षा समारोह में भाग लेने के लिए यह आवश्यक है कि आप क्रियायोग के सभी प्रारंभिक एवं अति महत्वपूर्ण क्रियाओं को अच्छी तरह समझते हैं तथा इन सभी क्रियाओं का अभ्यास आप कम से कम कुछ महीने पूर्व से करते आ रहें हैं। यदि आपको 1 से 42 तक की रिचार्जिंग क्रियाएं स्पष्ट हैं और आप इन क्रियाओं का नियमित अभ्यास कर रहें हैं, ऐसी स्थिति में भी आप क्रियायोग दीक्षा कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

कार्यक्रम की रूपरेखा

सामूहिक ध्यान कक्षाएं

प्रातः – 6 बजे से 7:30 बजे तक।

सायं – 5:30 से 7:30 बजे तक।

(दिन के समय अन्य कक्षाओं का आयोजन)

सुबह 5:30 बजे – चाय

सुबह 8:30 बजे – नाश्ता

दोपहर 1:30 से 2:30 बजे – भोजन

शाम 5:00 बजे – चाय

रात्रि 8 बजे से 9 बजे – भोजन

महत्वपूर्ण जानकारी

• यदि आपको किसी भी प्रकार की शारीरिक या मानसिक बीमारी या अन्य कोई तकलीफ हैं, तो कृपया आश्रम आने के पूर्व आप हमें ई–मेल के माध्यम से सूचित अवश्य करें। आश्रम में आने पर आप अपनी मेडिकल फाइल की एक फोटोकापी हमें उपलब्ध करायें।

• यदि आप किसी प्रकार की शारीरिक या मानसिक तकलीफ के कारण दवाओं का सेवन कर रहें हैं, तो बिना गुरुजी की सलाह एवं निर्देश के दवाओं का सेवन बन्द न करें।

• यदि आपको खाने में किसी बीमारी के कारण परिहेज हैं तो हमें आश्रम आने के पूर्व ई–मेल के माध्यम से सूचित अवश्य करें।

अधिक जानकारी के लिए आप हमें संपर्क कर सकते हैं।

Contact@Kriyayoga-YogiSatyam.org | www.Kriyayoga-YogiSatyam.org

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान, झूंसी, प्रयागराज, भारत–211019 | 8881610001 / 8881620002